'इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता के लिये अपने प्राणों की बली दी'

■ पटेलजी ने रियासतों को मिलाकर देश का एकीकरण किया- रविन्द्र त्यागी

कोटा, (निसं)। आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री स्व.दिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर गुरुवार को प्रातः 9.15 बजे गुमानपुरा चौराहे पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व.इंदिरा गांधी की मूर्ति पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनो ने माल्यार्पण कर वही पर गोष्ठी का आयोजन किया तत्पश्चात रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनो ने गुजराती समाज भवन में भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति माल्यार्पण किया दोनों कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने की।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता अखंडता के लिये अपने प्राणों की बली दी इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते देशहित में कई साहसिक फैसले लिये उन्होंने कहा 1971 में पाकिस्तान से युद्ध कर बंग्लादेश को आजाद कराया तथा 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर कर दिया। और बेंको का राष्ट्रीयकरण कर देश में निवेश का रास्ता खोलकर देश को नई दिशा दी वही दूसरी और सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश की सारी रियासतों को मिलाकर एकीकरण किया उन्होंने कहा कि युद्ध जीतने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी ने सदन में इंदिरा गांधी को दुर्गा का रूप कहा था लेकिन आज की वर्तमान मोदी सरकार देशहित में ऐतिहासिक फैसला ना लेकर महापुरुषों का नाम इतिहास के पन्नों में हटाने का षडयंत रच रही है और इंदिरा गांधी के बलिदान को भुलाने के काम में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि मोदीजी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने तथा जनता को गुमराह करने के लिए संवैधानिक संस्थाओं ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं एवं इंडिया गठबंधन में शामिल जुड़े नेताओ को बदनाम करने का काम कर रही है त्यागी ने समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से महापुरुषों के पद चिन्हो पर चलने की सलाह दी। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस के नेता डॉ.विजय सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जगदीश थाभा, पूर्व पीसीसी सचिव डॉ.जफर मोहम्मद, कांग्रेस नेता डॉ.विजय सोनी, महामंत्री रामेश्वर सुवालका, प्रकाश मलकानी, सेवादल अध्यक्ष हंसराज गोस्वामी, प्रमोद त्रिपाठी, पार्षद रफीक, विजय गुप्ता, मजीद नीरज विज, आदि उपस्थित थे।

कोटा में काँग्रेसजनों ने इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया है

पुलिस सेवानिवृत्त संस्थान की बैठक सम्पन्न

कोटा, (निसं)। राजस्थान पुलिस सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संस्थान, जिला कोटा की अत्यावश्यक बैठक गोविंद सिंह बारहठ, सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में नशा मुक्ति केंद्र, कोटा शहर में आयोजित की गई। इस दौरान सुबोध कुमार सिंह सेवानिवृत पुलिस उप अधीक्षक एवं अन्य कर्मचारियों के राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास तथा पुलिस बेनवेलेंट फंड के पेटे वेतन से की गई कटौतियों बाबत महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित किए जाने वाले पत्र का प्रारूप संभागीय महासचिव सलाहउद्दीन सिद्दीकी को सौंपा गया। बजरंग सिंह हाड़ा, सेवानिवृत उप-निरीक्षक द्वारा वर्ष 2006 से 2023 की अवधि में प्रत्येक वर्ष 30 जून को सेवानिवृत हुए कार्मिकों को 1 जुलाई से काल्पनिक वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने के संबंध में अब तक कार्रवाई नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। जिला संगठन के महासचिव के.के. शर्मा ने तत्काल इसका संज्ञान लेकर दूरभाष पर जिला बारां पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दूरभाष पर वार्ता कर जानकारी दी कि उनके तथा अन्य सेवानिवृत कर्मचारियों के समान प्रकृति के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक के स्तर से कार्रवाई जारी है।

सामूहिक रूप से छांट भर कर दी पूर्वजों पितरों को श्रद्धांजलि

बूंदी। गुर्जर समाज ने अपनी परंपरागत संस्कृति का निर्वाहन करते हुए सूर्योदय कार्तिक अमावस्या दीपावली पर अपने पूर्वजों पितरों को सामूहिक रूप से छांट भरने की अनूठी रस्म निभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाईपास रोड स्थित भगवान श्री देव नारायण मन्दिर और गुर्जर छात्रावास बूंदी में गुर्जर समाज के बड़ी संख्या में युवा बुजुर्ग लोग एकत्रित हुए। तत्पश्चात अग्नि प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर धूप दी गई व परिवार में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं को बेल लगाकर समाज और परिवार में बढ़ोतरी की कामना की गई। गुड़ की भेली का प्रसाद वितरण किया। अंत में सभी समाज बंधु पानी के धोरे के किनारे सामूहिक रूप में कतारबद्ध हुए और अपने पितरों को पूजा अर्चना कर तर्पण किया। गुर्जर समाज हर साल दीवाली पर अनूठी परंपरा का निर्वाह करता चला आ रहा है। साथ ही स्वर्गीय कर्नल बैंसला और गुर्जर आरक्षण आंदोलन में शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की इस मोके पर जिला संरक्षक सोजी धगाल, जिलाध्यक्ष रामस्वरूप धगाल, अनिल तंवर, एडवोकेट रामगोपाल गुर्जर, किशन भातडीया, मुकेश गोचर, भेरू बागड़वाल, मोहन भड़ाना, पप्पू धगाल, हेमराज गुर्जर, रामप्रकाश लगरी , हेमराज बगड़वाल, नरेश भड़ाना, नंदा खिचा, सोजी डोई, राधाकिशन पोसवाल आदि मौजूद रहे।

आरसीसी कोटा ने एसआरटी बी को 4 विकेट से हराया

■ एसआरटी क्रिकेट अकेडमी कोटा के तत्वाधान में कोटा अंडर-15 प्रिपरेशन कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन एसआरटी क्रिकेट ग्राउंड, कुन्हाड़ी कोटा पर किया जा रहा है

कोटा, (निसं)। एसआरटी क्रिकेट अकेडमी कोटा के तत्वाधान में कोटा अंडर-15 प्रिपरेशन कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन एसआरटी क्रिकेट ग्राउंड, कुन्हाड़ी कोटा पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता के संयोजक संतोष पंडित ने बताया कि प्रतियोगिता में एसआरटी बी बनाम आरसीसी कोटा के मध्य खेले गए मैच में एसआरटी बी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरटी बी टीम 85 रन के कुल योग पर ही पैवेलियन लौट गई। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए बादल मीणा ने 27 रन और भव्य शर्मा ने 25 रनों का योगदान किया तथा इसके अतिरिक्त कोई भी बल्लेबाज दो अंकों के स्कोर तक नहीं पहुंच सका एवं 6 बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सकें। आरसीसी टीम की और से गेंदबाजी करते हुए कार्तिकेय मिश्रा ने 5.2 ओवर में 7 रन देकर 6 विकेट लिए तथा मौर्यन ने 2 विकेट, शौर्य सिंह, कुणाल ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीसी टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 86 रन बना कर 4 विकेट से मैच जीत लिया। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए प्रियांशु ने नाबाद 27 रन, कृतिका ने नाबाद 22 रन, रचित ने 15 रन बनाए। एसआरटी बी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए बादल मीणा ने 4 विकेट, संयम जैन, शिवम ने एक-एक विकेट लिया। मैच के पश्चात पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खिलाड़ी संजय भारती ने शानदार गेंदबाजी करने वाले आरसीसी कोटा टीम के कार्तिकेय मिश्रा को प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया। मैच के दौरान आरसीसी कोटा टीम से संजय सिंह, अभिषेक मिश्रा, त्रिलोक सिंह, रजत गुप्ता, उमाशंकर मीणा, लाखन मीणा, सत्यप्रकाश, सोनू कुशवाह, नरेश बैरागी, मतीन खान, कलीम खान, हिमांशु सैनी सहित खिलाड़ी मौजूद रहे।

दो वाहनों की टक्कर में एक ही मौत पांच घायल

कोटा, (निसं)। झालावाड़ नेशनल हाईवे पर दो वाहनों की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत हो गई व परिवार के चार सदस्य घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार बीकानेर निवासी रमेश दिवाली बनाने के लिए कोटा आए एक नवंबर को वैन में सवार होकर अपने गांव खाताखेड़ी मनोहर थाना के लिए निकले थे, रमेश के साथ वैन में रमेश की पत्नी तुलसाबाई, साढ़ू कंवरलाल, बेटे की बहू हीना, और दूसरे साढ़ू का बेटा बिट्टू थे झालावाड़ हाईवे पर सामने से आ रहे कार चालक ने लापरवाही-पूर्वक कार को चलते हुए वैन को टक्कर मार दी हादसे में रमेश, कंवरलाल, तुलसा बाई, हीना और बिट्टू घायल हो गए सभी को उपचार के लिए झालावाड़ लाया गया, जहां बिट्टू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई और अन्य घायलों को उपचार के लिए भर्ती किया गय।

सार-समाचार

दीपावली स्नेह मिलन समारोह 5 को

कोटा, (निसं)। पूर्व संसदीय सचिव भवानी सिंह राजावत द्वारा दीपावली के पावन पर्व पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो 05 नवम्बर को 11 बजे उनके वल्लभबाड़ी स्थित कार्यालय में आयोजित होगा। राजावत ने बताया है कि स्नेह मिलन समारोह में कोटा शहर व देहात के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं उनके समर्थक सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें निरंतर 3 बार अपने वोट का आशीर्वाद प्रदान कर विधानसभा में भेजा था और 15 साल तक विधायक रहते हुए उनका आमजन के साथ अटूट संबंध स्थापित हो गये हैं इसलिए वे अपने प्रियजनों के साथ दीपमालिका के पर्व की खुशियां मनाना चाहते हैं।

पटाखे लगने से 7 व्यक्ति हुए जख्मी

कोटा, (निसं)। रोशनी के पर्व दीपावली के अवसर पर 7 रोगी पटाखें के कारण जख्मी होकर सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा पहुँचें। जहाँ इमरजेन्सी में उनका उपचार डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं डॉ. विदुषी शर्मा द्वारा किया गया। रोगी की जख्मी आँखों से बारूद के कण निकाले गये एवं दो रोगियों की आँखों में गंभीर चोट लगने के कारण उनका ऑपरेशन सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा में डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं डॉ. विदुषी शर्मा द्वारा किया गया।

देशी रिवाल्वर सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। रेल्वे कॉलोनी इलाके मे पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए एक जने को पकड़ा जिसके पास से अवैध देशी रिवाल्वर बरामद की। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि आदतन अपराधियों की धरपकड़ एवं आर्म्स के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत् रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी राजेश कुमार पाठक के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने इलाके के प्रताप कॉलोनी कब्रिस्तान के समीप जिला श्योपुर के ग्राम काठोन हाल भदाना हाऊसिंग सोसायटी निवासी सतेन्द्र सिंह को पकड़ा जिसके पास देसी रिवाल्वर बरामद की। पुलिस ने आर्म्स एक्ट मे कार्यवाही करते हुए आरोपी सतेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी सतेन्द्र के विरुद्ध जिला श्योपुर के थाना विजयपुर मे 9 अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

रोग से पीडित माता पार्वती के लिए किया रक्तदान

कोटा, (निसं)। मेडिकल कॉलेज कोटा में भर्ती इटावा निवासी माता पार्वती को अचानक डॉक्टर ने ब्लड की जरूरती बताई तो परिजनों के सामने समस्या आ खड़ी हुई। किसी तरह भी व्यवस्था नहीं हो पा रही थी तो जैसे ही डेरा सच्चा सौदा के सेवादार राजेश कुमार इन्सां को पता लगा वह तुरन्त मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचे और इटावा निवासी माता पार्वती के लिए ब्लड डोनेट किया। राजेश इन्सां डेरा सच्चा सौदा की आईटी विंग के सेवादार हैं। राजेश का कहना है कि गुरूजी की पावन प्रेरणा से उनका पूरा परिवार रक्तदान एवं मानवता सेवा के लिए हर समय तैयार रहते हैं और बदलें में उन्हें अपार खुशी का अहसास होता है।

युवक पर किया चाकू से हमला

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके मे कुछ बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। जिसे घायलावस्था मे उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में लाया गया। जानकारी के अनुसार घायल बोम्बे योजना निवासी आतिक है। पुरानी रंजिश के चलते कुछ बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल

कोटा, (निसं)। कोटा-बारां हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से साईकिल सवार युवक घायल कर हो गया। जिसे उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल मे भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेजकरण सुमन घर से साईकिल से फैक्ट्री जाने के लिये निकला कोटा-बारां हाईवे पर अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही-पूर्वक वाहन को चलाते हुए पीछे से साईकिल सवार तेजकरण को टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल तेजकरण को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया

लोकसभा अध्यक्ष बिरला सोमवार कोकरेंगेदिवाली की रामाश्यामी

बूंदी। दीपावली के पावन अवसर पर कोटा बूंदी सांसद एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार 4 नवंबर को शहर के लोगों से राम-राम करने के लिए बूंदी पहुंचेंगे। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष बिरला आजाद पार्क से सब्जी मंडी रोड कोटा रोड अहिंसा सर्किल इंदिरा मार्केट चौहान दरवाजा चौमुखा बाजार में पहुंचकर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित करेंगे।

कलम दवात का पूजन आज

कोटा, (निसं)। कायस्थ समाज कोटा द्वारा दिवाली के पंच दिवसीय पर्व के यम द्वितीया पर भगवान श्री चित्रगुप्तजी का पूजन रविवार को किया जाएगा। कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने बताया कि यम द्वितीया के पावन पर्व पर भगवान श्रीचित्रगुप्तजी का पूजन हर वर्ष के भती इस वर्ष भी विधि-विधान से सभी घरों में व सामूहिक पूजन श्रीचित्रगुप्त मंदिर जिंद बाबा खेड़ली फाटक में 5.30 बजे किया जाएगा। इस दौरान सभी चित्रांशबंधु उपस्थित रहेंगे। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान चित्रगुप्त की पूजा की जाती है। दिवाली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा और अगले दिन कार्तिक शुक्ल द्वितीया को भाई दूज का त्यौहार होता है। संगठन सचिव नीरज कुलश्रेष्ठ ने बताया कि भाई दूज का त्यौहार यमराज के कारण हुआ था इसलिए इसे यम द्वितीया भी कहते हैं। इस दिन भगवान चित्रगुप्तजी की पूजा का प्रचलन है।

जरूरतमंदों के साथ मनाई दीपावली, मिठाईयां बांटी

■ पकवान बनाकर, दीपों की रोशनी कर दीपावली मनाई

कोटा, (निसं)। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर हर कोई अपने-अपने घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर, दीपों की रोशनी कर अपनों के साथ दीपावली मनाने में मशगूल हो रहे थे, वहीं एम.एस.जी. डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केन्द्र शाह सतनामजी दयापुर धाम कोटा आश्रम के सेवादार जरूरतमंद लोगों के पास जाकर अपना प्यार लुटा रहे थे। ऐसे लोग जो किसी न किसी आश्रम में अपनों से दूर रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं, ऐसे परिवारों के बीच जाकर उनको दीपावली की खुशियां बांट रहे थे। सेवादार राजेन्द्र सिंह हाड़ा के अनुसार ऐसा ही नजारा कोटा के मधु स्मृति संस्थान एवं भारत माता सेवा समिति वृद्धाश्रम में देखने को मिला जब एमएसजी डेरा सच्चा सौदा कोटा के कुछ सेवादार वहां जाकर जरूरतमंद परिवारों को अपना प्यार लुटा रहे थे और दीपावली के पावन पर्व पर उन्हें अपने हाथों से मिठाईयां खिला रहे थे। दूसरी और मधु स्मृति संस्थान एवं भारत माता सेवा समिति में रहकर जीविकोपार्जन कर रहे वृद्धजन सेवादारों को खुले मन से दोनों हाथों से अपना आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। संस्थानों में रहने वाले मिठाईयां पाकर एवं दीपावली के अवसर पर उन्हें प्यार लुटाने वालों को अपने पास पाकर खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। मानवता भलाई एवं सेवा में लगे सेवादारों का कहना है कि यह भी एमएसजी डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरू संत डॉ.गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की पावन प्रेरणा का ही फल है कि हम सेवा कर पाते हैं वरना तो आज के इस युग में कोई किसी की संभाल नहीं लेता। इस सेवा कार्य में कमल कुमार इन्सां, कालू राम इन्सां, कुष्ण मुरारी इन्सां, दिनेश इन्सां, महावीर इन्सां, मनभर इन्सां, जूली इन्सां, टीना इन्सां, नैतिक इन्सां एवं गुरप्रीत इन्सां आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

कैंसर पीड़ित शहीदन बानो को एसडीपी डोनेट

कोटा, (निसं)। सेवा ही हमारा धर्म है और सेवा ही हमारा कर्म है। जी हां ऐसा ही सेवा का जज्बा लिये कमल कुमार इन्सां जो पैसे से भी मेडिकल सेवा से जुड़े है और आये दिन रोगियों की अपने तन मन एवं धन से सेवा में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में हाल ही में श्री कल्याण अस्पताल आरकेपुरम में भर्ती शहीदन बानो पत्नी मोहम्मद अली मध्यप्रदेश स्थित श्योपुर के गांव पाण्डोला निवासी जो कैंसर से पीड़ित हैं, को जरूरत पड़ने पर तत्काल एसडीपी डोनेट की। सेवादार राजेन्द्र सिंह हाड़ा के अनुसार कमल कुमार इन्सां ने अक्टूबर माह में पांच बार एसडीपी डोनेट की है और एक बार रक्तदान भी किया है। जैसे ही कमल कुमार के पास सूचना आती है वह अपना समय गंवाये बिना ही अपनी क्लिनिक को बन्द कर ब्लड बैंक चल देते हैं और ब्लड डोनेट कर रोगी की जांच बचाने के लिए पूरे उत्साह में रहते हैं।

ट्रेन के शौचालय में युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

■ नागपुर से अजमेर जियरात करने जा रहा था

कोटा, (निसं)। नागपुर-अजमेर साप्ताहित ट्रेन के जनरल कोच के शौचालय मे एक यात्री की संदिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। युवक ट्रेन के जनरल कोच के टॉयलेट मे अचेत मिला। जिसकी सुचना ट्रेन के कोटा पहुंचने पर जीआरपी पुलिस को दी गई। सुचना पाकर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को नीचे उतारा गया और उपचार के लिये कोटा के एमबीएस अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए जिसकी पहचान नागपुर निवासी हैदर अली के रूप में हुई। पुलिस ने इसकी सुचना परिजनों को दी सुचना मिलने पर परिजन कोटा पुहंचे। परिजनों के कोटा पहुंचने पर जीआरपी पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के जीजा जिराजुद्दीन ने बताया कि हैदर अली नागपुर का रहने वाला है वह नागपुर मे ऑटो चलाता है। 31 अक्टुबर की सुबह नागपुर से अजमेर जियारत करने के लिये निकले थे जीआरपी पुलिस द्वारा उनको सुचना प्राप्त हुई। वही जीआरपी के हैड कांस्टेबल नीरज कुमार ने बताया कि हैदर अली नागपुर-अजमेर साप्ताहिक ट्रेन के इंजन के पीछे वाले जनरल डिब्बे के शौचालय मे अचेत अवस्था में मिला। जिसे अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पायेगा।

ट्रक को अज्ञात बदमाश ले उड़े

कोटा, (निसं)। कोटा शहर में चोरों के हौसले दिनों-दिन बुलंद होते जा रहे है। बाईक, कार चोरी के मामले तो सामने आते रहते है, लेकिन शहर के उद्योग नगर इलाके मे एक ट्रक चोरी होने का मामला सामने आया है। उद्योग नगर थाना इलाके के थेगड़ा क्षेत्र में दीपावली के दिन पूजा कर घर से थोडी दूर सड़क के किनारे खड़े ट्रक को बदमाश ले उड़े। ट्रक मालिक को घटना का पता सुबह उठने पर चला ट्रक मालिक ने जिसकी रिपोर्ट उद्योग नगर थाने मे दर्ज कराई है। पुलिस ने चौथमल प्रजापति की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है

पश्चिम मध्य रेल

मुख्य कारखाना प्रबंधक
माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा
निविदा सं. S129-1-TWINPIPE-10
दिनांक: 30.10.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु0का0प्र0, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य की ई-निविदा आमंत्रित करते है- **टेण्डर सं.: S129-1-TWINPIPE-10, कार्य का विवरण:** "माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा प.म.रे. में एक वर्ष की अवधि हेतु सभी प्रकार के 1100 एयर ब्रेक वैगनों में ट्विन पाइप ब्रेक सिस्टम के रेट्रोफिटमेंट का कार्य।", **अनुमानित लागत रू. में:** रूपये 10,86,580.00/-, **निविदा प्रपत्र राशि रू. में:** निल, **बयाना राशि रू. में:** रूपये 21,700.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह, **निविदा बंद/खोलने की तारीख और समय:** बंद होगा 11:30 बजे दिनांक 22.11.2024 एवं खोला जाएगा 12:00 बजे दिनांक 22.11.2024। ई-निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेंगे। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी.-II,
मा.डि.म. कारखाना, पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

पूर्व छात्रों को अपनी शिक्षा भूमि को समय देने की आवश्यकता है : अंकित जैन

बूंदी। विद्या भारती शिक्षा संस्थान बूंदी द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले पूर्व छात्रों का स्नेह मिलन समारोह एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय नैनवा मार्ग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्या भारती के पूर्व छात्र एवं अतिरिक्त पुलिस उप अधीक्षक अंकित जैन, मुख्य वक्ता चित्तौड़ प्रांत के जनजाति क्षेत्र के सचिव एवं सह प्रांत कार्यवाहक नारायण गमेती, योग शिक्षक गौरव एवं अध्यक्षता कर रहे विद्या भारती के जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला सचिव उदय प्रकाश शर्मा द्वारा अतिथियों का परिचय एवं पूर्व छात्र समिति के कार्यकर्ता श्री देवकीनंदन शर्मा एवं पवन प्रजापति के द्वारा अतिथियों का रोली मोली बांध कर सम्मान किया गया।

उपअधीक्षक अंकित जैन ने कहा कि विद्या भारती विद्या का मंदिर है जहां पर बालक को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन संघर्षों का मेला है किंतु हमें हमारी शिक्षा भूमि को भी समय देने की आवश्यकता है । हमारा समाज सनातन से कर्म प्रधान रहा है यहां तक की स्वयं भगवान ने भी अपने कर्म के अनुसार पीड़ाओं को सहन किया है, तो सामान्य व्यक्ति भी कर्म से अछूता नहीं है। अतः हमें अपने कर्म निःस्वार्थ भाव से और दूसरों के हित में करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उसके पश्चात मुख्य वक्ता नारायण जी गमेती ने बताया कि समाज का निर्माण करना है तो बालकों को संस्कारों की शिक्षा देनी ही होगी। विद्या मंदिर एक ऐसा मंदिर है जहां के छात्र इसके पुजारी है और यहां पर शिक्षा एवं संस्कारों का आशीर्वाद मिलता है। विद्या मंदिर एक ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण करता है जो अपने इस देश के लिए समर्पित होने को तैयार रहते हैं ।

इस अवसर पर विद्या भारती द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पूर्व छात्रों द्वारा 31 यूनिट रक्त का दान किया गया । सभी पूर्व छात्रों से पंच प्रण - सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य को अपने जीवन में समझने का आठाह किया । इसके साथ ही रक्तदान महादान का अनुकरण करते हुए पूर्व छात्र पवन प्रजापत, ऋतुराज शर्मा, महेंद्र साहू, विनोद श्रृंगी, प्रमोद शर्मा, तेज राज सिंह, रवि जैन, महावीर सैनी, अमर जोशी, खेमराज सेन, धीरज जैन, शिवांगी श्रृंगी, चंद्र बिहारी, आयुष शर्मा, नलिन जैन, जितेंद्र जैन, हेमंत वैष्णव, हेमराज वैष्णव, अंकित सिंह, तरुण श्रृंगी ने रक्त देकर समाज कल्याण में अपना सहयोग किया।

विधायक धारीवाल ने की दीपावली की रामा-श्यामा

■ सिविल लाईन्स आवास पर पहुँचे शहरवासी कांग्रेस कार्यकर्ता

■ उपचुनाव में कांग्रेस का रिकॉर्ड रहेगा बरकरार, बोले धारीवाल

कोटा, (निसं)। राजस्थान में होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस अपना रिकॉर्ड एक बार फिर बरकरार रखेगी भाजपा सरकार के पास अपने 10 महीने के कार्यकाल में जनता के लिए किए गए कोई कार्य नहीं है जनता चुनाव में बीजेपी को आईना दिखाने जा रही है।

पूर्व मंत्री कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने शनिवार को दीपावली के मौके पर कोटा प्रवास के दौरान सिविल लाइन आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं आमजन से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दी धारीवाल आवास पर पहुंचे बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और शहर वासियों का विधायक धारीवाल ने मुंह मीठा करवाया और दीपावली के मौके पर सुख समृद्धि और खुशी की कामना के साथ दीपावली की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व शुक्रवार को भी विधायक शांति धारीवाल की आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं शहरवासियों का दीपावली के मौके पर तांता लगा रहा, दीप उत्सव के पर्व की विधायक धारीवाल ने सभी को शुभकामनाएं दी वहीं विधायक धारीवाल से मुलाकात करने की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे उन्होंने सभी से दीपावली की रामा-श्यामा कर शुभकामनाएं दी। दीपावली की शुभकामनाओं का सिलसिला सुबह से ही जारी रहा महापौर मंजू मेहरा उपममहापौर सोनू कुरैशी, पवन मीणा, अनिल सुवालका, समय कांग्रेस के पदाधिकारी पार्षद कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शहरवासी दीपावली के मौके पर पहुंचे।

कोटा में विधायक शांति धारीवाल ने दीपावली पर आमजन और काँग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की है।

अवैध हथियार देशी कट्टा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कोटा शहर में अवैध हथियारों व मादक पदार्थो की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत् किशोरपुरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाही करते हुए अवैध हथियार देशी कट्टा मय एक जिंदा कारतुस सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि अवैध हथियारों की रोकथाम के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी व पुलिस उप अधीक्षक योगेश के निर्देशन में किशोरपुरा थानाधिकारी रामस्वरूप मीना के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि किशोरपुरा थाने के सहायक उप निरीक्षक चौथमल मय जाप्ता किशोरपुरा गेट के समीप चैकिंग के दौरान एक युवक के पास से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतुस बरामद किया गया। पकड़ा गया आरोपी आदर्श नगर बंजारा कॉलोनी निवासी शोहराब अहमद है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी से हथियार की खरीद फरोख्त के संबध में पूछताछ की जायेगी।

पश्चिम मध्य रेल

सिगनल एवं दूर संचार विभाग
निविदा सूचना – दिनांक 29.10.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.म.सं. एवं दू.सं.इंजी.(सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों **Tender No.KOTA/SNT/SIG/2024/12** के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेण्डर सं.:** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2024/12, **कार्य का नामः** कोटा डिविजनः ओगमेंन्टेशन ऑफ रिलाइबिलीटी इम्प्रूवमेंट मेर्जस ऐट सिगनलिंग एंड टेलीकॉम ईस्टॉलेशन्स।, **कार्य की अनुमानित लागतः** रू. 3,90,86,671.79, **बयाना राशिः** रू.3,45,400.00, **तारीख एवं समयः** दिनांक 27.11.2024 को 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in/. पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजीटल हस्ताक्षर प्राप्त होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिए।

वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी.(समन्वय), पमरे, कोटा

स्वच्छ भार